पत्र सं.-2024-रा.व.अ./40.00 (PT & Sports Officer)

भारत सरकार,
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
कार्यालय निदेशक, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी,
पो.आ. न्यू फॉरेस्ट, देहरादून-248006

रिक्ति परिपत्र

शारीरिक प्रशिक्षण और खेल अधिकारी (समूह "ख", राजपत्रित, अननुसचिवीय) के एक (01) पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) भरने के संबंध में।

1-इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में शारीरिक प्रशिक्षण और खेल अधिकारी (समूह "ख", राजपत्रित, अननुसचिवीय) के **एक (01) पद** लेवल-07 (संशोधन पूर्व वेतन बैन्ड-2, 9300-34800 + ग्रेड वेतन- 4600) को प्रतिनियुक्ति के आधार पर (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) भरने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

2-पात्रता की शर्तेः- केन्द्रीय या राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्रों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं या पब्लिक उपक्रमों या अर्द्धसरकारी या स्वशासी या कानूनी संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारी-

(i) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हुआ है; या

(ii) जिन्होने मूल संवर्ग या विभाग में लेवल -6 (वेतन बैण्ड-2, 9300-34800 + 4200 ग्रेड वेतन) के वेतनमान में या समतुल्य में नियमित आधार पर उस पद पर नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी में पाँच वर्ष की सेवा की हो

3-योग्यता: अनिवार्य:-

(क) (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री;

(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से शारीरिक शिक्षा में डिप्लोमा; और

(iii) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में शारीरिक शिक्षा प्रदान करने का दो वर्ष को अनुभव;

या

(ख) (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से शारीरिक शिक्षा में डिग्री

I/74938/2024

(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्था से शारीरिक शिक्षा प्रदान करने का दो वर्ष का अनुभव

4-आयु सीमाः अधिकतम आयु सीमा **56** वर्ष

5-आवेदन भेजने की अंतिम तिथि- रिक्ति परिपत्र के रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से **30** दिन के अंदर

6-शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं, आवेदन पत्र का प्रोफार्मा तथा अन्य सेवा शर्तों की विस्तृत जानकारी अकादमी की वेब साईट **www.ignfa.gov.in** पर देखी और डाउनलोड की जा सकती है।

-sd-

CBC-13116/12/0003/2425

अपर प्राध्यापक (प्रशा.)